**27/08**/2025

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल ने ऋण अवधि को 31 दिसंबर 2024 से आगे बढ़ाने को भी मंजूरी दे दी। ऋण अवधि अब 31 मार्च, 2030 तक बढ़ा दी गई है। इस योजना का कुल परिव्यय सात हजार 332 करोड़ रुपये है। पुनर्गठित योजना की प्रमुख विशेषताओं में पहली और दूसरी किस्तों में बढ़ी हुई ऋण राशि, दूसरा ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों के लिए यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड का प्रावधान और खुदरा और थोक लेनदेन के लिए डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन शामिल हैं।

0000000000000000000000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि भारत किसी की जमीन नहीं हडपना चाहता है लेकिन अपनी जमीन की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। मध्यप्रदेश के मह‍ु में आर्मी वॉर कॉलेज में रण संवाद 2025 के संयुक्त संवाद कार्यक्रम के समापन दिवस पर रक्षामंत्री ने कहा कि भारत के समक्ष चुनौतियां विशाल हैं, लेकिन हमारा संकल्प और साहस उससे कहीं अधिक व्यापक है। उन्होंने कहा कि विश्व न केवल हमारी ताकत बल्कि सत्य, शांति और न्याय के प्रति हमारे समर्पण का भी सम्मान करता है।

0000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंक को बढावा देने वालों को भारतीय नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ करने के परिणामों का स्पष्ट संदेश दिया है। श्री शाह ने आज भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के उन बहादुर जवानों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया जिन्होंने ऑपरेशन महादेव को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने लोगों को संतुष्टि दी, लेकिन ऑपरेशन महादेव ने उस संतुष्टि को आत्मविश्वास में बदल दिया।

0000000000000000000000

इंडिगो एयरलाइन आगामी 17 सितंबर से दिल्ली और ईटानगर के बीच अतिरिक्त दैनिक नॉन-स्टॉप उड़ान सेवा शुरू करेगी। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस खबर को साझा करते हुए कहा कि इस नए कनेक्शन से सीमावर्ती राज्य में पर्यटन, व्यापार और कनेक्टिविटी को और बढ़ावा मिलेगा।

0000000000000000000000

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की राज्य इकाई, अरुणाचल प्रदेश एवं राज्य की भूविज्ञान एवं खनन विभाग द्वारा आज संयुक्त रूप से ईटानगर के गंगा विलेज में "अरुणाचल प्रदेश में खनिज क्षमता: आगे की राह" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला में विभिन्न तकनीकी सत्र शामिल थे जिनमें भारतीय खान ब्यूरो और राज्य में वैज्ञानिक एवं सतत खनन को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग अपायुक्त सोनालिका जिवानी ने आज अपने ऑफ़िस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित 12वीं NCORD बैठक में युवाओं के बेहतर भविष्य का आह्वान करते हुए कहा कि यह हम सभी के साथ पूरे समाज का दायित्व है। उन्होंने गैर-सरकारी संगठनों और नागरिक समाज से नशीली दवाओं के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया। उपायुक्त ने जिले के नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों में मानक संचालन प्रक्रियाओं- SOP के सख्ती से पालन और निगरानी पर भी ज़ोर दिया।

0000000000000000000000

कल रोइंग हेलीपैड पर एक हेलिपोर्ट ऑटोमैटिक वेदर ऑवजर्वेशन सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण और संचालन किया गया। यह पहल भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और पृथ्वी विज्ञान एवं हिमालय अध्ययन केंद्र के बीच एक समझौता ज्ञापन MOU के तहत लाया गया है। इस पहल का उद्देश्य पायलट्स को वास्तविक समय पर मौसम संबंधी जानकारी और वॉइस अपडेट प्रदान करके राज्य भर में हेलीकॉप्टर संचालन की सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000

आज तवांग उपायुक्त कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में सहायक आयुक्त एवं प्रभारी उपायुक्त तेंज़िन जाम्बे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति (DLAMC) की चौथी बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में, श्री जाम्बे ने आधार नामांकन में आ रही चुनौतियों और जिले एंव सब डिविशन में आवेदकों के लिए उपलब्ध शिकायत निवारण तंत्र पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों, विशेषकर दूरदराज के क्षेत्रों में, आधार सेवाओं तक बेहतर पहुँच की आवश्यकता पर भी बल दिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 6 जिलों ईस्ट कामेंग, लोअर सुबनसिरी, वेस्ट सियांग, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय खेल दिवस-2025 के आयोजन में देश के बाकी हिस्सों की तरह, रोनो हिल्स स्थित राजीव गांधी युनिवर्सिटी में, राष्ट्रीय थीम “एक घंटा खेल के मैदान में” के तहत आयोजित एरोबिक्स और ज़ुम्बा फिटनेस सेशन के साथ आज से तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन हुआ। जिसमें छात्रों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों, रिसर्च स्कॉलर्स और विश्वविद्यालय समुदाय के सदस्यों की भागीदारी देखी गई। इसी के तहत, टीचिंग फ़ेकल्टी एवं आरजीयू छात्रों की टीम के बीच एक वॉलीबॉल मैच का आयोजन भी किया गया।

0000000000000000000000